# पाटन के ग्राम पंचायत न्यौराणा में मनरेगा में काम नहीं मिलने से मजदूरों में रोष

## मजदूरों ने पंचायत कार्यालय पर ताला जड़ा, रोजगार की मांग को लेकर धरने पर बैठे

**पाटन,** (निसं)। ग्राम पंचायत न्यौराणा में सोमवार को मनरेगा मजदूरों का आक्रोश उस समय फूट पड़ा, जब उन्होंने काम नहीं मिलने और कथित भेदभाव से नाराज होकर पंचायत कार्यालय पर ताला जड़ दिया। बड़ी संख्या में श्रमिक पंचायत भवन के बाहर धरने पर बैठ गए और नियमित रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की।

मजदूरों ने आरोप लगाया कि सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी मनरेगा श्रमिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं। उनका कहना है कि पंचायत में बार-बार मनरेगा कार्य बंद कर दिए जाते हैं, जबकि आसपास की पंचायतों में लगातार रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे न्यौराणा के जॉब कार्डधारी श्रमिकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रमिकों ने बताया कि कई बार मांग करने के बावजूद उन्हें काम नहीं दिया जा रहा है। रोजगार के अभाव में परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उनका आरोप है कि मनरेगा में केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही काम दिया जाता है, जबकि अन्य पात्र श्रमिकों को जानबूझकर वंचित रखा जा रहा है।आक्रोशित मजदूरों ने पंचायत भवन पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और चेतावनी दी कि जब तक नियमित रूप से काम उपलब्ध नहीं कराया जाएगा तथा भेदभाव समाप्त नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।ग्रामीणों ने प्रशासन से न्यौराणा पंचायत में मनरेगा कार्यों की निष्पक्ष जांच कराने तथा सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी की भूमिका की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।


ग्राम पंचायत न्यौराणा में मजदूरों ने पंचायत कार्यालय के बाहर नारेबाजी की।

- **श्रमिकों ने आरोप लगाया कि सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी मनरेगा श्रमिकों के साथ भेदभावपूर्ण रवैया अपना रहे हैं**

पाटन पंचायत समिति की विकास अधिकारी शशि बाला ने बताया कि नर्सिंगवाला में चल रहा मनरेगा कार्य सात दिन पहले पूरा हो चुका था। उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत कर समझाइश के बाद पंचायत कार्यालय का ताला खुलवा दिया। साथ ही आश्वासन दिया कि ग्रामीणों के लिए शीघ्र ही नए मनरेगा कार्य स्वीकृत करवाकर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

# आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**जयपुर/पाली।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की पाली-प्रथम टीम ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए लाटाडा तहसील बाली जिला पाली के पटवारी विक्रम को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है।

एसीबी डीजी गोविंद गुप्ता के अनुसार आरोपित पटवारी द्वारा परिवादी से पूर्व में क्रय की गई भूमि के नामांतरण एवं विभाजन की एवज में 11 हजार रुपये की मांग की गई थी, जिसमें से 5 हजार रुपये पूर्व में ले लिए गए थे। इसके अतिरिक्त परिवादी की माता के नाम पटवार हल्का लाटाडा स्थित भूमि

- **परिवादी से क्रय की गई भूमि के नामांतरण एवं विभाजन की एवज में 11 हजार रुपये की मांग की गई थी**

खसरा संख्या 80 के सीमांकन के लिए 2 हजार रुपये की और मांग की जा रही थी। इस प्रकार पूर्व में किए गए कार्यों एवं वर्तमान कार्यों के एवज में कुल 8 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर परिवादी को परेशान किया जा रहा था।

शिकायत प्राप्त होने पर एसीबी चौकी पाली-प्रथम द्वारा मामले का सत्यापन किया गया। इसके बाद एसीबी जोधपुर रेंज के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में तथा एसीबी पाली-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र डुकिया के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान आरोपित पटवारी विक्रम को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए मौके पर ही गिरफ्तार किया है। एसीबी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है।

# 13 साल से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

## बबाई पुलिस ने आरोपी को शाहजहांपुर पुलिस को सौंपा

**खेतड़ी,** (निसं)। जिले में बबाई थाना पुलिस ने स्थायी वारंटी राजपाल उर्फ हाथिड़ा को गिरफ्तार कर संबंधित पुलिस थाने को सुपुर्द कर दिया। आरोपी लंबे समय से न्यायालय द्वारा जारी स्थायी वारंट में वांछित चल रहा था। बबाई थाना पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

थानाधिकारी राजपाल उपनिरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खेतड़ी द्वारा जारी स्थायी वारंट में वांछित राजपाल उर्फ हाथिड़ा पुत्र मालाराम निवासी दलेलपुरा, थाना बबाई, जिला झुंझुनूं को दस्तयाब किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पुलिस थाना शाहजहांपुर, जिला कोटपुतली-बहरोड़ को सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में फरार आरोपियों और स्थायी वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून से बचने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# जोधपुर के मंडोर उद्यान में टॉय ट्रेन से गिरी मासूम की मौत, युवती घायल

**जोधपुर,** (कासं)। मंडोर गार्डन में अपने माता-पिता के साथ घूमने आई पांच साल की एक मासूम बच्ची की टॉय ट्रेन से नीचे गिरने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना से गुस्साए बच्ची के परिजनों और समाज के लोगों ने आज कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल की मोर्चरी के बाहर धरना-प्रदर्शन किया।

- **आरोप है कि ड्राइवर ट्रेन को बेहद तेज गति से चला रहा था और इसी दौरान उसने अचानक बेहद तेजी से ब्रेक लगा दिया**
- **घटना से गुस्साए बच्ची के परिजनों और समाज के लोगों ने कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल की मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन किया**

जानकारी के अनुसार बंबा निवासी मोहम्मद हबीब अपने परिवार के साथ मंडोर उद्यान घूमने गया था। वहां वह टॉय ट्रेन में परिवार सहित बैठा था। इस दौरान ड्राइवर ट्रेन को बेहद तेज गति से चला रहा था और इसी दौरान उसने अचानक बेहद तेजी से ब्रेक लगा दिया। ब्रेक का झटका इतना तेज था कि ट्रेन में बैठी मोहम्मद हबीब की पांच साल की मासूम बच्ची उछलकर बाहर जा गिरी। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, बच्ची टॉय ट्रेन के चक्कों के नीचे आ गई। इसके साथ ही मुस्कान नामक एक अन्य युवती भी घायल हो गई। उन्हें घायलावस्था में मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया, जहां बच्ची को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं घायल युवती का फिलहाल इलाज चल रहा है। इस घोर लापरवाही को लेकर मृतका के पिता ने स्थानीय पुलिस थाने में टॉय ट्रेन ड्राइवर के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों का आरोप है कि ड्राइवर की लापरवाही और तेज गति से ट्रेन चलाने के कारण ही उनकी बेटी की जान गई है और एक अन्य युवती अस्पताल पहुंच गई।

# भीषण गर्मी व लू के चलते ट्रंप की बेटी टिफनी ट्रंप ने जैसलमेर यात्रा बीच में छोड़ी

## सोमवार सुबह टिफनी ट्रंप का जैसलमेर के दो सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पटवों की हवेली गड़ीसर सरोवर का दौरा प्रस्तावित था

**जैसलमेर,** (निसं)। मरुस्थलीय क्षेत्र में पड़ रही अत्यधिक गर्मी और रिकॉर्ड तोड़ लू के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की छोटी बेटी टिफनी ट्रंप को अपना जैसलमेर का सोमवार का तय कार्यक्रम रद्द करना पड़ा है।

टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ एक निजी सांस्कृतिक यात्रा पर रविवार को जैसलमेर पहुंची थीं। रविवार शाम को जब टिफनी ट्रंप प्राइवेट जेट से जैसलमेर सिविल एयरपोर्ट उतरीं, तो जिला प्रशासन द्वारा उनका राजस्थानी परंपरा के अनुसार स्वागत किया गया। उन्होंने रविवार शाम को ही ई-गोल्फ कार्ट में बैठकर विश्व प्रसिद्ध सोनार दुर्ग का भ्रमण किया था। किले के इतिहास और वहां आज भी रह रहे स्थानीय लोगों के बारे में जानकर उन्होंने इसे " अविश्वसनीय" बताया। रात में वे सम रोड स्थित पांच सितारा होटल के बेहद आलीशान विला में रुकी थीं, जहां अमेरिकी सीक्रेट सर्विस और भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का कड़ा पहरा था। सोमवार सुबह टिफनी ट्रंप का जैसलमेर के दो सबसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पटवों की हवेली गड़ीसर सरोवर का दौरा प्रस्तावित था।

- **टिफनी ट्रंप जैसलमेर सिविल एयरपोर्ट से अपने प्राइवेट विमान द्वारा गुजरात के जामनगर के लिए रवाना हो गई**
- **टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ एक निजी सांस्कृतिक यात्रा पर रविवार को जैसलमेर पहुंची थीं**

**कार्यक्रम रद्द होने की मुख्य वजह :-** जैसलमेर में इन दिनों नौतपा के चलते आसमान से आग बरस रही है। भीषण गर्मी और लू के चलते सुरक्षा मानकों तथा स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस खुले पर्यटन क्षेत्र के कार्यक्रम को सोमवार सुबह रद्द कर दिया गया। शेड्यूल में अचानक आए इस बदलाव के बाद, टिफनी ट्रंप सोमवार सुबह ही जैसलमेर सिविल एयरपोर्ट से अपने प्राइवेट विमान द्वारा गुजरात के जामनगर के लिए रवाना हो गईं। एयरपोर्ट पर जिला कलैक्टर अनुपमा जोरवाल और पुलिस अधिकारियों ने उन्हें विदाई दी। भले ही भीषण मौसम के कारण उनका सोमवार का कार्यक्रम पूरा नहीं हो सका, लेकिन भारत की इस ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखकर वे बेहद प्रभावित नजर आईं। जामनगर पहुंचने के तुरंत बाद टिफनी ट्रंप अपने पति माइकल बोलस के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के मशहूर वन्यजीव संरक्षण केंद्र वंतारा को देखने के लिए रवाना हुईं। जामनगर एयरपोर्ट से लेकर वंतारा परिसर तक उनकी सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# कोटा के ज्वैलर्स से धोखाधड़ी करने का आरोपी यूपी से गिरफ्तार

## नकली चांदी व सोने के नाम पर धोखाधड़ी की थी

**कोटा,** (निसं)। नकली चांदी व सोने के नाम पर ज्वैलर्स से धोखाधड़ी करने के दर्ज मामले में कुन्हाडी पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को उत्तरप्रदेश के आगरा से गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 19 नवम्बर 2024 को फरियादी दिनेश जैन ने कुन्हाडी थाने में रिपोर्ट दी। फरियादी ने रिपोर्ट में कहा कि सर्राफा व्यवसायी है, उसने कहा कि 16 अक्टूबर 2024 को स्वयं को दिल्ली निवासी बताते हुए विनित बंसल नाम का व्यक्ति उसकी दूकान पर आया और स्वयं को सोने चांदी की तेज मंडी का व्यवसाय करना बताया और अपना परिचय देकर दुकान से चला गया। 19 नवम्बर को वापस आया और उसने मुझे चांदी की सिल्ली 29 किलो 869 ग्राम की दिखाई जिसकी जांच करने पर सही पाया, लेकिन सौदा नहीं बैठने पर वह चला गया और 26 नवम्बर 2024 को विनित बंसल घर पर आया और 360 ग्राम शुद्ध सोना बुक करवा लिया और अगले दिन ले जाने की बात कही। रिपोर्ट में कहा कि विनित बंसल आया और उसे 360.250 ग्राम सोना मुझसे ले लिया और मेरे द्वारा भुगतान मांगने पर


गिरफ्तार आरोपी

उसने सिक्योरिटी बाबत् चांदी की सिल्ली वजन 29 किलो 869 ग्राम सौंप कर अगले दिन भुगतान करने का आश्वासन देकर चला गया। सिल्ली की जांच करवाई तो नकली मिली, जिस पर धोखाधड़ी होने का शक हुआ।

शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया, मामले को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम का गठन किया। टीम ने मामले में अनुसंधान के दौरान घटनास्थल के फोटो एवं सीसीटीवी फुटेज लिये गये। घटनाकारित करने वाले अज्ञात आरोपी का रुट मैप बनाकर ट्रेस किया गया, जिसमें आरोपी को नामजद कर तलाश शुरु की गई। टीम ने पूर्व में मुख्य अभियुक्त मोहित कुमार वर्मा, सहअभियुक्त छत्रपाल सिंह, देवेन्द्र सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष अभियुक्त के के शर्मा की अपराध में संलिप्तता आने पर तलाश शुरु की गई।

मामले में फरार चल रहे आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक डॉ.पूनम चौहान के सुपरविजन में कुन्हाडी थानाधिकारी देवेश भारद्वाज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया। गठित टीम ने आरोपी की तलाश की, आरोपी शातिर प्रवृति का था गिरफ्तारी से बचने के लिये बार-बार अपने ठिकाने बदल रहा था, आरोपी पर 15 हजार का ईनाम राशि घोषित की गई। शहर एसपी ने बताया कि विशेष टीम ने 2 सालों से फरार चल रहे 15 हजार के ईनामी आरोपी जिला धोलपुर के राजाखेड़ा निवासी के.के. शर्मा को शमशाबाद गेह आगरा से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया।

# अपहरण व वसूली मामले में दो गिरफ्तार

**उदयपुर,**(कासं)। शहर के सविना थाना पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ पीड़ित का अपहरण कर अवैध वसूली के लिए मारपीट करने का प्रकरण दर्ज किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित नवीन माहेश्वरी पुत्र जीवन माहेश्वरी निवासी रोशन नगर सविना सेक्टर 12 ने पुलिस थाने में 30 मई को रात में रिपोर्ट दी कि रात में मेरा पुत्र तेजस माहेश्वरी घर के बाहर सामान लेने गया था। तभी प्रेमसिंह चौहान, कुशाल मेघवाल उर्फ मारतुस व अरदीन व अन्य 7-8 जने बाईकों पर सवार होकर आए एवं पुत्र से रूपये की मांग की। इसमे असमर्थता जताने पर पुत्र का अपहरण कर हिरणमगरी सेक्टर 5 में एक के पास ले गए, जहां मारपीट शुरू कर दी। पुत्र की सूचना पर मेरे मित्र अनिल जाखड़ के साथ मौके पर पहुचे तो बदमाश नशे में रूपयों की मांग की। इनकार करने पर मेरी कार के कांच फोड़ दिए। इसको देख जान बचाकर मौके से भागे। इस दौरान बदमाशों ने जान से मारने की धमकी दी। इस मामे में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस टीम ने प्रेमसिंह पुत्र रोशनसिंह राजपूत निवासी भुताला गोगुन हॉल महाराणा प्रताप कॉलोनी गवरी चौक सेक्टर 11 सविना तथा कुशाल मेघवाल पुत्र भगवतीलाल निवासी पावटिया अगड़ लसाड़िया हॉल पथिक नगर कच्ची बस्ती सविना को गिरफ्तार किया।

# ड्यूटी से घर लौट रहे गार्ड पर बदमाशों ने हमला किया

**डूंगरपुर,** (निसं)। गत देर रात ड्यूटी से लौट रहे एक सुरक्षाकर्मी पर 6 बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। बदमाशों ने गार्ड को बुरी तरह पीटा और उसकी बाइक व मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल गार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंटेक्स मिल के सामने डीपीएस स्कूल के पास हुई।

जानकारी के अनुसार देवभूमि कॉलोनी निवासी बृजराज सिंह बियोला सिंटेक्स मिल में सुरक्षाकर्मी के तौर पर कार्यरत हैं। बृजराज सिंह देर रात अपनी ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आए 6 बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और अचानक हमला कर दिया। हमले से बृजराज का संतुलन बिगड़ गया और वह बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। बोतलों, पत्थरों, लाठियों से किए वार इसके बाद बदमाशों ने बियर की बोतलों, पत्थरों

- **स्कूल के पास छह बदमाशों ने गार्ड का सिर फोड़ा, बाइक और मोबाइल लूटा**

और लाठियों से बृजराज पर वार किए। उन्हें लहूलुहान करने के बाद बदमाश उनका मोबाइल फोन और बाइक छीनकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। गंभीर रूप से घायल बृजराज किसी तरह हिम्मत जुटाकर रेंगते हुए सिंटेक्स मिल के मुख्य गेट तक पहुंचे। वहां मौजूद दूसरे सुरक्षाकर्मी को उन्होंने पूरी घटना बताई, जिसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बृजराज को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# महिला पर हमले के आरोपी को 10 साल की सजा

**अलवर,** (निसं)। अलवर जिले में करीब तीन साल पहले महिला को लाठी-डंडों से मारपीट के दोषी को कोर्ट ने 10 साल की सजा सुनाई है। एडीजे कोर्ट संख्या-3 ने आरोपी को दोषी मानते हुए 66 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

जानकारी के अनुसार रामगढ़ कस्बे के गुर्जर मोहल्ले में महिला अत्री देवी के साथ 30 जुलाई 2023 को आरोपी हरमुख ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। लोक अभियोजक अजीत यादव ने बताया कि रामगढ़ के बहादुरपुर रोड स्थित गुर्जर मोहल्ले में अत्री देवी अपने बेटे हरमान को बुलाने के लिए गई थी। इस दौरान अत्री देवी ने देखा कि हरमुख उनके बेटे को शराब पिला रहा है। महिला ने इसका विरोध करते हुए हरमुख को बेटे को बिगाड़ने पर उलाहना दिया। इसी बात से नाराज होकर हरमुख ने लाठी से महिला पर हमला कर दिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। हमले में अत्री देवी के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर होने पर आईसीयू में इलाज किया गया। घटना के बाद बेटे हरमान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच की और न्यायालय में चालान पेश किया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने 13 गवाहों के बयान और 26 दस्तावेजी साक्ष्यों का अवलोकन किया। साक्ष्यों के आधार पर एडीजे कोर्ट संख्या-3 ने आरोपी हरमुख को दोषी करार देते हुए दस वर्ष के कारावास तथा 66 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

# जेईई-एडवांस्ड में शुभम कुमार ऑल इंडिया टॉपर

**कोटा,** (निसं)। आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे हैं। देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की।

# अलवर में मंदिर से 100 मीटर दूरी पर शराब ठेका खुलने से आक्रोश

**अलवर,** (निसं)। अलवर शहर में अंबेडकर नगर विस्तार कॉलोनी के मुख्य रोड पर सोमवार सुबह शराब का ठेका खुलने की भनक लगते ही कॉलोनीवासी महिलाएं विरोध करने पहुंच गई, जहां महिलाओं के विरोध करने के बावजूद भी मंदिर से महज 100 मीटर की दूरी पर ही शराब का ठेका खोल दिया गया।

- **महिलाओं ने प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर शराब ठेका बंद करने की मांग की**

महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और तुरंत शराब ठेका बंद करने की मांग की। महिलाओं का कहना है कि अब यहां से निकलना मुश्किल हो जाएगा। ठेका बंद कराने के लिए अलवर कलैक्टर के पास भी पहुंचे हैं।


अलवर के अंबेडकर नगर विस्तार कॉलोनी के मुख्य रोड पर मंदिर के पास शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर महिलाओं ने नारेबाजी की।

अंबेडकर नगर विस्तार निवासी हल्दीना स्कूल की व्याख्याता पूनम कुमारी का कहना है कि कॉलोनी में सभ्य लोग रहते हैं। दूर-दूर के गांवों से आकर यहां रहने लगे, ताकि अच्छे से बच्चों को पढ़ा सके। अब यहां शराब का ठेका खोल दिया है। बगल में मंदिर भी बना हुआ है। पूनम कुमारी ने कहा कि ऐसे में बहन-बेटियों का देर शाम निकलना मुश्किल हो जाएगा। अभद्र व्यवहार होने की पूरी आशंका रहेगी। स्कूली बच्चों को आने-जाने में असहज महसूस होगा।

सुबेदार बाबूलाल जाटव का कहना है कि रातोंरात शराब का ठेका खोल दिया। किसी को शिकायत करने का मौका नहीं दिया। अब सोमवार सुबह दुकान पर शराब का ठेका लिखा हुआ देखा। इसके तुरंत बाद पूरी कॉलोनी के लोग एकत्रित हो गए, यहां सबने शराब ठेका खुलने पर विरोध जताया है।

इस मामले में आबकारी विभाग की अधिकारी अर्चना जैमन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन कोई बात नहीं हो पाई। उधर, पुलिस का कहना है कि यह आबकारी विभाग का मामला है। पब्लिक की शिकायत मिलने के बाद आगे कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध बजरी परिवहन करते चार गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में बजरी का अवैध खनन एवं परिवहन जारी है। पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई कर अवैध बजरी से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त की जा रही है। रविवार को भी लूणी पुलिस की दो टीमों ने भटिण्डा गांव में अवैध बजरी परिवहन के आरोप में चार लोगों को पकड़ा और अवैध बजरी डंपरों को जब्त किया। आरोपियों के खिलाफ माइनिंग एक्ट में दो प्रकरण बनाए गए।

लूणी पुलिस थाने के एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि वे रविवार को गश्त पर थे। तब भटिण्डा गांव की सरहद में बजरी से भरे वाहन को रोका गया। चालक बजरी को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इस पर पुलिस ने तोडियाना आसोप निवासी श्यामलाल देवासी, आंकला खींवसर निवासी देवीसिंह को माइनिंग एक्ट में गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह लूणी थाने के ही एएसआई भगवानाराम ने भटिण्डा गांव में अवैध बजरी के साथ रामलाल एवं हरसुखराम को गिरफ्तार किया।

# जोधपुर में बारिश हुई

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर में सोमवार को एक बार फिर से मौसम बदला। शाम करीब 4 बजे बाद तेज हवा के साथ आंधी चल पड़ी। कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश शुरु हो गई। इससे पहले सुबह धूप रही। दोपहर दो बजे बाद बादल छाने शुरू गए थे। दो दिन पहले 30 मई को भी शहर में तेज अंधड़ और बारिश आई थी। इससे एक यूनिपोल और पेड़ गिर गए थे। सोमवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया था। इधर, मौसम विभाग ने 2 और 3 जून को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। सोमवार को शहरी तथा ग्रामीण इलाकों में हल्की बारिश से मौसम सुहावना हो गया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सा. नि. वि. जिला खण्ड इटावा**

क्रमांक: 295 दिनांक :- 22.05.2026

**निविदा सूचना संख्या 04/2026-27**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से भवन एवं सड़क निर्माण कार्यके लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए बी, सी, डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेंगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट Www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा अपलोड करने की तारीख 08.6.2026 को 06:00 बजे तक।

| S.No | UBN No | S.No | UBN No |
|---|---|---|---|
| 1 | PWD2627WSOB03276 | 2 | PWD2627WSOB03277 |
| 3 | PWD2627WSOB03278 | 4 | PWD2627WSOB03279 |
| 5 | PWD2627WSOB03280 | 6 | PWD2627WSOB03281 |
| 7 | PWD2627WSOB03282 | 8 | PWD2627WSOB03283 |
| 9 | PWD2627WSOB03284 | 10 | PWD2627WSOB03285 |
| 11 | PWD2627WSOB03286 | 12 | PWD2627WSOB03287 |
| 13 | PWD2627WSOB03288 | 14 | PWD2627WSOB03289 |
| 15 | PWD2627WSOB03288 | | |

(हेमराज चौधरी)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. जिला खण्ड इटावा

DIPR/C/9333/2026